हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 27 सितंबर 2026

04 थाना सिविल लाइन पुलिस ने चंद घंटों में कार्रवाई कर चार...



07 शहर में धूमधाम से मनाये गए 10 दिवसीय गणेशोत्सव का विर्सजन के...



खबर संक्षेप



कन्या शिक्षा परिसर की छात्रा अंजली कवरे ने मारी बाजी

सीहोर। विकसित भारत योजना के अंतर्गत आयोजित सेवा संकल्प अभियान की जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर (सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित) की कक्षा 8वीं की छात्रा अंजली कवरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में अंजली ने अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मक सोच एवं सुंदर चित्रांकन के माध्यम से आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे स्थान प्राप्त कर अपनी विशेष पहचान बनाई। उसकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, प्राचार्या डॉ. विनीत गाबा, प्रशासक अशोक त्रिपाठी एवं उप प्रबंधक संदीप मौर्य ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने तथा उनमें सामाजिक जागरूकता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

जल उपयोगिता समिति की बैठक 5 अक्टूबर को

सीहोर। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 05 अक्टूबर 2026 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति एवं उपलब्ध जल भंडारण क्षमता की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वर्ष 2025-26 की सिंचाई उपलब्धियों की समीक्षा कर रबी सीजन 2026-27 के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में आगामी समय के लिए पेयजल हेतु आवश्यक जल आरक्षण तथा अन्य सामयिक विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक गण सहित जल संसाधन, कृषि, विद्युत वितरण कंपनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारी तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहेंगे।

नपा अध्यक्ष-पार्षद चुनाव के नामांकन के लिए मिलेंगे 7 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी नगरीय निकाय चुनावों से ठीक पहले राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मध्यप्रदेश सरकार ने नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 में संशोधन करते हुए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि (सिक्योरिटी डिपोजिट) बढ़ा दी है। अब महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षदों के पदों पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को पहले से ज्यादा रकम जमा करनी होगी।

इस फैसले का सीधा असर सीहोर जिले की सभी 9 नगरीय निकायों (सीहोर एवं आष्टा नगर पात्रिका तथा रेहट्टी, भैरुंदा, शाहगंज, जावर, कोठरी, इछावर और बुधनी) नगर पंचायत पर पड़ेगा। आगामी निकाय चुनावों में इन निकायों से ताल ठोकने वाले प्रत्याशियों को नए नियमों का पालन करना होगा।



आरक्षित वर्गों को राहत

महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि निर्धारित रकम की आधी ही रहेगी।

नामांकन के लिए मिलेंगे कम से कम 7 दिन

संशोधित नियमों के तहत अब प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कम से कम 7 दिनों की समय-सीमा दी जाएगी। अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन को नामांकन की अंतिम तारीख माना जाएगा। यदि सातवें दिन कोई सार्वजनिक अवकाश होता है तो उसके अगले कार्यदिवस तक फॉर्म जमा किए जा सकेंगे।

एक पद के लिए अब सिर्फ एक ही नामांकन पत्र होगा स्वीकार

अक्सर देखा जाता था कि उम्मीदवार एक ही पद के लिए दो या उससे अधिक नामांकन फॉर्म दाखिल कर देते थेए लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। नए नियमों के अनुसार एक पद के निर्वाचन के लिए प्रत्याशी की ओर से केवल एक ही नामांकन पत्र स्वीकार किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी किसी भी स्थिति में दूसरा या अतिरिक्त फॉर्म स्वीकार नहीं करेंगे।

चुनाव खर्च का हिसाब-किताब अनिवार्य

चुनावी खर्च में पारदर्शिता लाने और वित्तीय हेरफेर रोकने के लिए नियम सख्त कर दिए गए हैं, अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्येक उम्मीदवार को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में एक अलग और स्वतंत्र बैंक खाता खोलना होगा।

नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार को इस नए बैंक वाले का विवरण रिटर्निंग ऑफिसर के सामने जमा करना होगा। चुनाव से संबंधित हर प्रकार की प्राप्तियों और व्यची का पूरा विवरण और लेन-देन इसी बैंक व्वाले के माध्यम से करना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा नियम जारी किए जाने के बाद अब सीहोर जिले के स्थानीय राजनीतिक गत्रियारों में चुनावी सरगर्मी और नए नियमों की चर्चा तेज हो गई है।

जानिए किस पद के लिए अब कितनी देनी होगी जमानत राशि

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जमानत राशि में यह बदलाव किया गया है।

नगर निगम महापौर	: 32000
नगरपालिका अध्यक्ष	: 24000
नगर परिषद अध्यक्ष	: 16000
नगर निगम पार्षद	: 8000
नगरपालिका पार्षद	: 4800
नगर परिषद पार्षद	: 1600

अनंत चतुर्दशी पर झांकियों और अखाड़ों ने बांधा समां, नगर पालिका ने बांटे पुरस्कार, कलाकारों ने दिखाए करतब

चल समारोह में 15 अखाड़े और 11 झांकियां हुईं शामिल श्रीराम भक्त हनुमान मित्र मंडल गंज की झांकी रही प्रथम

धार्मिक, सामाजिक और जनजागरूकता से जुड़े संदेशों पर आधारित झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन ने एक बार फिर सीहोर की वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर की वर्षों पुरानी झांकी और अखाड़ों की परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी। देर रात से शुरू हुआ झांकियों और अखाड़ों का कारवां सुबह तक शहर की सड़कों से गुजरता रहा। शहर के मुख्य मार्ग पर दूर-दूर से पहुंचे लोगों ने परिवार के साथ सड़क किनारे खड़े होकर झांकियों का आनंद लिया। आकर्षक विद्युत सज्जा से सजी झांकियों और अखाड़ों के कलाकारों के हैरतअंगेज करतबों ने लोगों का मन मोह लिया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल पर इस वर्ष 15 अखाड़ों और 11 झांकियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अटल चौराहे पर नगर पालिका की ओर से भव्य मंच बनाया गया था, जहां प्रत्येक झांकी और अखाड़े के उस्तादों को मंच पर बुलाकर शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

बरसाना की झांकी प्रथम, स्वच्छता संदेश वाली दूसरे स्थान पर

चल समारोह में शामिल झांकियों में बरसाना की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वच्छता का संदेश देने वाली झांकी दूसरे स्थान पर रही, जबकि राजू भदौरिया द्वारा प्रस्तुत मां गंगा की महिमा पर आधारित झांकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने झांकियों के निर्माण में जुटे कलाकारों एवं अखाड़ों के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस पहल से आयोजन में शामिल झांकी समितियों और अखाड़ों में भी उत्साह नजर आया।

पं. प्रदीप मिश्रा ने की नगर पालिका की पहल की सराहना

चल समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी मंच पर पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका परिषद की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और सभी पार्षदों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। चल समारोह के मार्ग पर सड़क के दोनों ओर खेल-खिलौनों, खान-पान एवं अन्य सामग्री की दुकानें सजी रहीं। दूर-दराज से आए लोग अपनी जगह पर रातभर डटे रहे और झांकियों का इंतजार करते नजर आए।





झांकियों ने फिर जीवंत की सीहोर की वर्षों पुरानी परंपरा

शहर में निकलीं आकर्षक और झिलमिलाती झांकियों के साथ अखाड़ों के कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से लोगों का मनोरंजन किया। धार्मिक, सामाजिक और जनजागरूकता से जुड़े संदेशों पर आधारित झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन ने एक बार फिर सीहोर की वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। शहर की सड़कों पर झांकियों और अखाड़ों का यह कारवां देर रात से सुबह तक उत्सव और उल्लास का केंद्र बना रहा।

बिजली की सजावट से सजी झांकियां बनीं आकर्षण

चल समारोह में बिजली की रंग-बिरंगी सजावट से सजी झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें धार्मिक और सामाजिक संदेशों के साथ पुरानी कहानियों को भी दिखाया गया। झांकियां देखने के लिए शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी हजारों लोग पहुंचे।

अखाड़ों में दिखे तलवार और लाठी के करतब

झांकियों के साथ अलग-अलग अखाड़ों ने भी हिस्सा लिया। पहलवानों और कलाकारों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। युवाओं और बच्चों ने तलवारबाजी, लाठी और अग्नि-कलाबाजी के करतब दिखाए। करतब देखने के दौरान लोगों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

'अगले बरस तू जल्दी आ' के साथ बप्पा को विदाई

रातभर शहर में घूमने के बाद सुबह चल समारोह सीहोर टॉकीज चौराहा पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने समारोह का स्वागत किया और गणेशजी से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद झांकियां और गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पानी के स्रोतों की ओर रवाना हुईं। श्रद्धालुओं ने 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी।



अनंत चतुर्दशी के कलाकारों का सीहोर सांस्कृतिक मंच ने किया अभिनंदन

कलाकारों का सम्मान हमारी संस्कृति, परंपरा और सीहोर की पहचान का सम्मान है : आशीष गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ढोल-नगाड़ों की गूंज, अखाड़ों के शौर्यपूर्ण करतब, आकर्षक झांकियों की भव्यता और हजारों लोगों की उमड़ी आस्था के बीच सजे अनंत चतुर्दशी के रंगों को सीहोर सांस्कृतिक मंच ने सम्मान का रंग दिया। नगर की गौरवशाली परंपरा को अपनी कला, साधना और शौर्य से जीवंत रखने वाले अखाड़ों के उस्तादों एवं कलाकारों, झांकी निर्माताओं और सहयोगियों का मंच द्वारा सम्मान-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर अभिनंदन किया गया।

अनंत चतुर्दशी के भव्य चल समारोह में कलाकारों ने अपनी कला और शौर्य का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा शहर तालियों से गूंज उठा। वर्षों पुरानी अखाड़ा परंपरा से लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संदेशों से सजी झांकियों तक, हर प्रस्तुति में सीहोर की आस्था, संस्कार और सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी। इन्हीं कलाकारों की मेहनत और समर्पण को सम्मान देने के लिए सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा यह विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि अनंत चतुर्दशी का चल समारोह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सीहोर की आत्मा, आस्था, कला, शौर्य और सामाजिक एकता का उत्सव है। जो कलाकार अपनी साधना और मेहनत से हमारी वर्षों पुरानी परंपराओं को जीवंत रखते हैं, उनका सम्मान करना वास्तव में हमारी संस्कृति को नमन करना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सीहोर की सांस्कृतिक विरासत केवल आज तक सीमित न रहे, बल्कि नई पीढ़ी तक गर्व और सम्मान के साथ पहुंचे। कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा तो हमारी परंपराएं और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेंगी।

सम्मान समारोह में उमड़ा आत्मीयता का रंग : कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी आशीष पचौरी, भाजपा नगर मंडल महामंत्री सीमा सक्सेना, नगर पालिका एल्डरमैन तुषार सोनी, राजेश परिहार, समाजसेवी नरेंद्र गोस्वामी, प्रमोद गौतम, प्रदीप कौशल, चेतन राय, राहुल बंसल, नितेश गुप्ता, कुंजीलाल परमार, आनंद गांधी, भारत अग्रवाल, अमित माहेश्वरी, दिलीप गांधी एवं संजय गोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं सांस्कृतिक प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अखाड़ों के उस्तादों, कलाकारों एवं झांकी निर्माताओं का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर कलाकारों के चेहरों पर खुशी और गर्व का भाव दिखाई दिया।

न परीक्षा हुई न फॉर्म भरे, लेकिन प्रमोशन की डेडलाइन 3 दिन बाद

सीहोर। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) की लेटलतीफी अब जिले के सरकारी कॉलेजों के करीब 3,500 से ज्यादा पीजी विद्यार्थियों पर भारी पड़ रही है। एमए, एमकॉम और एमएससी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं अब तक नहीं हो सकी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अगली कक्षा में प्रमोशन की अंतिम तारीख 30 सितंबर तय है और अब केवल 4 दिन बाकी हैं। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने पीजी सेकंड सेमेस्टर परीक्षा का शेड्यूल जारी नहीं किया है।

सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में होनी थीं, लेकिन सितंबर खत्म होने को है और परीक्षा प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई। विद्यार्थियों ने अभी तक परीक्षा फॉर्म भी नहीं भरे हैं। ऐसे में परीक्षा, रिजल्ट और फिर अगली कक्षा में प्रमोशन की पूरी प्रक्रिया महज 5 दिन में कैसे पूरी होगी। इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि सीहोर जिले में 14 शासकीय और 45 से अधिक निजी कॉलेज हैं।

पीजी की प्रायोगिक परीक्षा के अंक भी मांगे

इधर विवि ने हाल ही में सभी संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को पत्र जारी कर पीजी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षाओं के अंक मांगे हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कॉलेजों को विवि की वेबसाइट पर अंक अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

रिजल्ट में भी गड़बड़ियां: 2026 में विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को लेकर पहले भी विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में परीक्षा परिणाम में त्रुटियां सामने आने से विद्यार्थियों को सुधार के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़े। अब पीजी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा में देरी ने समस्या और बढ़ा दी है।

एक्सपर्ट: प्रमोशन समय पर किया जाना जरूरी है डॉ. एनडी सक्सेना, पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद के अनुसार विवि की व्यवस्था में सामान्यतः परीक्षा फॉर्म भरने के बाद प्रमोशन की प्रक्रिया होती है। लेकिन यदि परीक्षा प्रक्रिया में देरी हो रही है तो छात्र हित में तय समय सीमा के भीतर प्रमोशन की व्यवस्था की जानी चाहिए। 30 सितंबर अंतिम तारीख है, इसलिए प्रमोशन समय पर किया जाना जरूरी है। हालांकि, यदि बाद में विद्यार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो फीस वापसी या समायोजन की स्थिति बन सकती है।

खबर संक्षेप



एक दर्जन से अधिक पेंशनर्स का किया सम्मान

सीहोर। भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की सीहोर इकाई के तत्वावधान में अमृत महोत्सव एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स का सम्मान कर उनके दीर्घकालीन सेवाकाल और सामाजिक योगदान को याद किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीहोर यूनिट को सक्रिय रूप से सेवा देने वाले संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा एवं सुभाषचंद्र दुबे का भी विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर भोपाल सर्किल के महासचिव जीके गांधी, मुकुल चंद्र त्रिपाठी, विजय रांगणेकर, मनोहर लालवानी, भोपाल से एपी खरे, ज्ञान सक्सेना, केएल भारती सहित एसबीआई सीहोर के मुख्य प्रबंधक राघवेन्द्र प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीहोर इकाई के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव रघुनाथ सिंह वर्मा एवं कोषाध्यक्ष गिरजेश शर्मा सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन सीहोर इकाई के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य सदस्यों को एकजुट रखने के साथ ही समाजसेवा के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी करना है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अपने अनुभव और समय का उपयोग समाजहित के कार्यों में कर रहे हैं। हरीश अग्रवाल शहर के एक दर्जन से अधिक सेवा संगठनों से जुड़े हुए हैं तथा सत्य संस्था के माध्यम से निर्धन परिवारों में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार में सहयोग सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

चाकूबाजी की घटना के बाद रहवासियों ने एसपी से की कड़ी कार्रवाई की मांग

थाना सिविल लाइन पुलिस ने चंद घंटों में कार्रवाई कर चार आरोपियों को किया गिरफ्तार





रहवासियों ने क्षेत्र में कथित अवैध शराब कारोबार, देह व्यापार और असामाजिक गतिविधियों पर कार्रवाई करने एसपी से की माँग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुखर्जी नगर में 24 सितंबर की रात शराब के नशे में गाली-गलौज करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में राहुल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमजीएच ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे इंदौर रेफर किया। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ईडब्ल्यूएस मुखर्जी नगर निवासी विजेंद्र मिश्रा ने शिकायत में बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 10.15 बजे ईश्वर बैरागी शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। विजेंद्र मिश्रा और उनके बेटे राहुल ने उसे ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि इसके बाद ईश्वर बैरागी ने गोविंद बैरागी, राहुल हाड़ा और अमन को बुला लिया। चारों ने राहुल के साथ मारपीट की। इसी दौरान गोविंद बैरागी द्वारा चाकू से राहुल के सीने और पेट पर वार करने का आरोप है। बीच-बचाव करने पहुंची महिला कविता देवलिया के साथ भी मारपीट का आरोप लगाया गया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने ईश्वरदास बैरागी (46), राहुल हाड़ा (39), गोविंद बैरागी (20) और अमन परमार (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 541/2026 के तहत धारा 109(1), 115(2), 296 एवं 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

रहवासियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा आवेदन

घटना के अगले दिन 25 सितंबर को मुखर्जी नगर के रहवासी एवं समाजजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में कथित अवैध शराब कारोबार, देह व्यापार और अन्य असामाजिक गतिविधियों का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। आवेदन में रितीक बैरागी की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की गई है। रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में बाहरी लोगों का जमावड़ा रहता है और पूर्व में भी विवाद की स्थिति बनती रही है। एसपी पुनीत गहलोत ने रहवासियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की मांग भी की है।

यूज्ड वाटर व सीवरेज प्रबंधन को लेकर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार होटल खेड़ापति इंटरनेशनल में यूज्ड वॉटर मैनेजमेंट एवं सीवरेज प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में नगर निगम के 70 से अधिक सीवरेज कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एसडब्ल्यूएम कंसलटेंट, ट्रेनर चेतन अत्रे ने घरों, संस्थानों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के सुरक्षित संग्रहण, सीवरेज नेटवर्क के संचालन, सीवर लाइनों की सफाई एवं रखरखाव, चोकिंग की रोकथाम और सीवेज के उचित उपचार की जानकारी दी। मैनहोल की सफाई, मशीनों एवं उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मैनहोल की सफाई में उपयोग होने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई गई। आयोजन की खासियत यह रही कि इसे पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट आधारित रखा गया। कार्यक्रम में पर्यावरण हितैषी सामग्री का उपयोग किया। कार्यशाला में फीडबैक फाउंडेशन से संदीप सोनी, राहुल प्रजापति, विभा गुप्ता, सोहेल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन के अरुण तोमर ने किया।

जल उपयोगिता समिति की बैठक 0 अक्टूबर को

सीहोर। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 05 अक्टूबर 2026 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति एवं उपलब्ध जल भंडारण क्षमता की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वर्ष 2025-26 की सिंचाई उपलब्धियों की समीक्षा कर रबी सीजन 2026-27 के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में आगामी समय के लिए पेयजल हेतु आवश्यक जल आरक्षण तथा अन्य सामयिक विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक गण सहित जल संसाधन, कृषि, विद्युत वितरण कंपनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारी तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहेंगे।

पोषण आहार देकर माताएं कम कर सकती हैं बच्चों की मृत्यु दर : नागले

सीहोर। आंगन उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को नियमित पोषण आहार देने और शासकीय जनहितैषी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए माताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा नेता रवि नागले सम्मिलित हुए।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन उत्सव कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित किए गए आंगन उत्सव में आंगनवाड़ी



कार्यकर्ता नीलू राठौर,दीपमाला चौरसिया,गिरजा मौर्य, रेखा जाटव ने महिलाओं और बच्चों नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि श्री नागले के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित बच्चों की माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री नागले ने कहा कि हम सभी को मिलकर मोदीजी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूर्ण करना है। आंगन उत्सव कार्यक्रम माताओं को बच्चों के प्रति सजक रहने के लिए चलाया जा रहा है जिससे कि बच्चों को उचित समय पर सही पोषण आहार मिले और बच्चों की मृत्यु दर में कमी आए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंजू देवी, निशा मंगरोलिया, गुंजा मंगरोलिया, निधि अहिरवार नेहा मंगरोलिया, पुष्पा कचनेरिया, प्रियंका कचनारिया सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और क्षेत्रीय नागरिक सम्मिलित रहे।

विधायक कार्यालय में मनाई गई पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को विधायक कार्यालय में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित श्री उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

विधायक सुदेश राय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जी प्रखर राष्ट्रवादी और संगठनकर्ता थे उन्होंने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ जनसंघ की स्थापना की थी आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में भाजपा देश प्रदेश की सेवा कर रही है विधायक श्री राय ने कहा कि वह हमारे पद प्रदर्शक हैं उनके बताए हुए मार्ग पर ही हम सभी कार्यकर्ता निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुनील राय, कन्हैयालाल मालवीय, सुशील ताम्रकार, वरुण शर्मा, निर्मल पवार, नैतिक राय, सतीश बनवाइया, प्रदीप मेवाड़ा, जलज छोकर, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक शामिल रहे।

अनुवाद के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के अंग्रेजी विभाग तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में अनुवाद के क्षेत्र में करियर की संभावनाएँ विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के नवीन सभागार में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुवाद के क्षेत्र में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों तथा करियर की संभावनाओं से परिचित कराना था। विषय विशेषज्ञ ऐशिता राठौर, सहायक प्राध्यापक, आईआईआईटी, भोपाल ने अपने वक्तव्य में वर्तमान समय में विभिन्न भारतीय भाषाओं एवं वैश्विक भाषाओं के बीच बढ़ते संवाद के संदर्भ में अनुवाद की उपयोगिता पर विशेष रूप से चर्चा की। सुश्री राठौर ने अपने उद्बोधन में शासकीय, अशासकीय, एवं फ्रीलांसिंग के क्षेत्र में अनुवाद में रोजगार की व्यापक संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुवाद के विभिन्न आयामों से भी अवगत कराया। उन्होंने साहित्यिक अनुवाद के साथ-साथ तकनीकी, प्रशासनिक, मीडिया, डिजिटल कंटेंट, उपशीर्षक, दुभाषिया कार्य तथा मशीन एवं एआई आधारित अनुवाद जैसे उभरते क्षेत्रों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। सुश्री राठौर ने अनुवाद को एक विकसित होते हुए व्यावसायिक कौशल और करियर क्षेत्र के रूप में देखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अनुवाद के क्षेत्र में आवश्यक भाषायी दक्षता, डिजिटल कौशल तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के अंत में विषय विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नोरा रूथ कुमार ने किया एवं डॉ मंगल सिंह भाटिया ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर डॉ. नितिन बातव, डॉ. पुष्पेन्द्र परसोंडिया, पूर्णिमा सिंह परिहार, डॉ. तृप्ता झा, डॉ. सुशीला पटेल, डॉ. जितेंद्र आर्य, डॉ. कैलाश विश्वकर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र वर्मा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प यात्रा का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बड़नगर से वाराणसी के लिए निकाली जा रही 'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का सीहोर जिले के बुधनी तहसील की ग्राम पंचायत जहाजपुरा स्थित बांद्राभान पहुंचने पर ग्रामीणों एवं युवाओं ने आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर यात्रा में शामिल यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। 200 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर यात्रा के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' सेवा, जनसंवाद और जनभागीदारी के संदेश को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से होकर वाराणसी की ओर बढ़ रही है। यात्रा के दौरान लोगों को सेवा, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण से जुड़े संकल्पों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बांद्राभान में ग्रामीणों और युवाओं की सहभागिता ने यात्रा के स्वागत को आत्मीय और उत्साहपूर्ण बना दिया। यात्रा के स्वागत के दौरान जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, एसडीएम संजीव नागू, एसडीओपी रवि शर्मा, जनपद सीईओ जितेन्द्र सिंह धाकरे, पवन चौहान, अल्पेश चौहान सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

पांच खिलाड़ियों ने किया जिले का प्रतिनिधित्व भोपाल संभाग पांच वर्गों में रहा उपविजेता

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में सीहोर का परचम



सीहोर। खेल प्रतिभाओं के लिए पहचान बना रहे सीहोर जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सीहोर के पांच खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है।

प्रतियोगिता के मिनी वर्ग बालक में ध्रुव द्विवेदी, मिनी वर्ग बालिका में जीविका सोलंकी, जूनियर वर्ग बालक में सुमित राजपूत तथा जूनियर वर्ग बालिका में आशी द्विवेदी एवं सानवी ने सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग में स्मृति तथा मिनी वर्ग में कु. वृन्दा तिवारी का स्टैंडबाय के रूप में चयन हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पांच वर्गों में भोपाल संभाग उपविजेता रहा, जो संभाग के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है। विशेष रूप से ध्रुव द्विवेदी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा, जिन्होंने मात्र तीन माह पूर्व ही टेबल टेनिस का प्रशिक्षण प्रारंभ किया था। इतने कम समय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करना उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। खिलाड़ियों की इस सफलता में कोच शैलेन्द्र सिंह चन्देल एवं मनमोहन सिंह चौहान के मार्गदर्शन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षकों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

गायत्री शक्तिपीठ में चार सौ परिवारों ने किया चतुर्दशी उद्यापन

विश्व शांति के लिए दी गई यज्ञ में आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर नदी चौराहा स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में शुक्रवार को चतुर्दशी व्रत उद्यापन गायत्री महा यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उद्यापन गायत्री महायज्ञ में गुरुदेव की आज्ञा अनुसार सम्मिलित होकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के चार सौ से अधिक परिवारों ने माता गायत्री का पूजन किया और धर्म का लाभ प्राप्त किया। आयोजन को लेकर गायत्री शक्तिपीठ परिसर में मेला जैसा माहौल बना रहा।

गायत्री परिजनों के द्वारा श्रद्धालुओं को गायत्री परिवार का बहुमूल्य साहित्य और प्रसाद का वितरण किया गया। अनंत चतुर्दशी व्रत उद्यापन कार्यक्रम गायत्री महायज्ञ में मुख्य रूप से ओम प्रकाश शेव, भगवत प्रसाद मल्होत्रा, प्रहलाद सिंह वर्मा, द्वारका प्रसाद वर्मा, यशपाल कुशवाहा, हरि नारायण पाटीदार, डॉ सिद्धार्थ नाथ खजुरिया,अनिल श्रीवास्तव मनीष गौर,विमल सुमन, डॉ विमल तेजराज राकेश वर्मा राम रत्न मालवीय प्रियंका हरिओम पाटीदार, निर्मला भावसार, ललिता राय, गुडमल राय की महत्वपूर्ण प्रमुख भूमिका रही।

इछावर में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम

इछावर। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इछावर में 25 सितंबर को वंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता रवि जी शर्मा, प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय रहे। वहीं पर्यवेक्षक बीआरसी सुभाष चंद्र दुबे एवं कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश सुराणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य अनिल बघेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, एकता, अनुशासन एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया।



ई-रिक्शा से नगर भ्रमण कर राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने नागरिकों से किया संवाद

स्वच्छता, हरित व प्रदूषणमुक्त परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को ई-रिक्शा से नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषणमुक्त परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

नगर भ्रमण के दौरान डॉ. टेटवाल ने नागरिकों से उनकी समस्याओं, सुझावों एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा जैसे पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाना ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने तथा स्वच्छ एवं हरित परिवहन के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. टेटवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। स्वच्छ एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और प्रदूषणमुक्त वातावरण तैयार किया जा सकता है।



गणेश पंडालों की साज सज्जा ने शहर को आकर्षित किया, आस्था का माहौल बना रहा

शहर में धूमधाम से मनाये गए 10 दिवसीय गणेशोत्सव का विर्सजन के साथ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर में गणेश चर्तुथी से शुरू हुए दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को विर्सजन से साथ समापन हो गया है। इस दौरान नगर में जगह-जगह बाल मंडलियों सहित बड़ी समितियों द्वारा गणेश पंडालों की साज सज्जा कर शहर को आकर्षक के साथ आस्था का माहौल बना दिया। इस दौरान शहर के पीपल चैराहे, एसडीएम निवास, मुलतानपुरा, सुठालिया रोड़, राजगढ़ रोड, मेन ए.बी. रोड, आदर्ष कालौनी, शहीद कालौनी, विद्यार्थी नगर, स्वरूप नगर सहित सैकड़ों स्थानों पर गणेष पांडाल बनाए गए थे।



विद्यार्थी नगर में हुआ भंडारे का आयोजन

वहीं, शहर के बस स्टैंड के पास स्थित विद्यार्थी नगर में भी श्री गणेशोत्सव पर्व का दस दिन तक धूमधाम से मनाया गया। गणेषजी के विर्सजन के एक दिन पहले गणेष पांडाल में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन कर विषाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर बाल गणेष मंडली के रामकरण तंवर, जयंत शर्मा, राहुल तंवर, गोविंद यादव, बलराम यादव, आदित्य यादव, नमन यादव, मंयक यादव, केषव मीणा, अथर्व राजपूत सहित दर्जनों छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थीनगर के रहवासियों के सहयोग से विशाल आयोजन उत्साह के साथ मनाया। जिसमें महिला-पुरुषों ने भी प्रतिदिन होने वाली आरती में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

कलेक्टर, एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का लिया जायजा



राजगढ़। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर की गई व्यवस्थाओं का कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नरसिंहगढ़ एवं कुरावर में निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, प्रकाश, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यावरा-नरसिंहगढ़ गोविंद दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गणेश उत्सव संपन्न, राज्य मंत्री टेटवाल ने मिट्टी की प्रतिमा का किया विसर्जन, पर्यावरण का दिया संदेश



सारंगपुर। दस दिवसीय गणेश उत्सव शुक्रवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। नगर में छोटे बड़े दर्जनों पंडालों में विराजित गणेश जी की महा आरती की गई। विभिन्न गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर में सुरक्षा चाक चैबंद रही वही विसर्जन कुंड से लेकर कपिलेश्वर तीर्थ धाम स्थित कालीसिंध नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने मिट्टी से बनी प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन कर विसर्जन किया वहीं हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा सभी गणेश पंडालों में पहुंचकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए प्राप्त सुरक्षा व्यवस्था की बात कही ।गणेश विसर्जन के साथ ही देर रात आकर्षक झाकियों के जुलूस में शामिल होने की हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने अपील की।

होली एंजल्स स्कूल की शिवानी मीणा ने वुशु में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

जबलपुर में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित 70वें एमपी स्कूल गेम्स एसजीएफआई में कुरावर की छात्रा शिवानी मीणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 वुशु प्रतियोगिता के 56 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। शिवानी की इस उपलब्धि से कुरावर नगर के साथ ही पूरे भोपाल संभाग का नाम रोशन हुआ है। शिवानी मीणा रामकेश मीणा की बेटी हैं और होली एंजल्स किड्स एकेडमी, कुरावर की छात्रा हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के पीछे शिवानी की कड़ी मेहनत, परिवार का सहयोग और स्कूल के फिजिकल एजुकेशन टीचर एवं कोच रवि टमोली और धर्मेश बबानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लगातार राज्य स्तरीय प्रतिभाएं तैयार कर रहा स्कूल

होली एंजल्स स्कूल द्वारा खेल प्रतिभाओं को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल की ओर से पूर्व में भी विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उपलब्धियां हासिल की हैं। सत्र 2025-26 में सौम्या सिंह ने रेसलिंग में, जबकि सत्र 2024-25 में जेन्स जेस्टिन ने ताइक्वांडो में पदक हासिल किया था। अब सत्र 2026-27 में शिवानी मीणा ने वुशु में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है।षिवानी की सफलता पर जिला षिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी एवं संकुल प्रभारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की षुभकामनाएं दीं। शिवानी की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

खबर संक्षेप

सांसद गुर्जर व नपा अध्यक्ष रमा देवी ने अनंत चतुर्दशी पर प्रसादी वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की

मंदसौर। राज्यसभा सांसद व भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर नगर में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के द्वारा लगाये गये सेवा स्टालों पर पहुंचकर प्रसादी वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। नई आबादी जिला सहकारी बैंक से लेकर आजाद चौक घंटाघर तक पूरे मार्ग का भ्रमण करते हुये भाजपा के पदाधिकारियों, पार्षदगणों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष रमा देवी गुर्जर ने भगवान श्री गणेश जी के विसर्जन हेतु निकाली गयी झांकी के चल समारोह का निरीक्षण किया और विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लगाये गये सेवा स्टाल पर प्रसादी वितरण में भी भागीदारी की। इस अवसर पर भाजपा नेता गण साथ थे।महिला नेत्री निर्मला गुप्ता, रानु भावसार, भाजपा नेता मुकेश खमेसरा, मुकेश काला, अजयसिंह चौहान, अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, दीपमाला मकवाना, हितेश शुक्ला, नरेन्द्र बंधवार, पुष्पेन्द्र भावसार, कन्हैयालाल सोनगरा, शिवनारायण गुर्जर, प्रदीप सोनी सहित कई कार्यकर्तागण भी साथ थे।



आंगन मिलन और स्वास्थ्य गतिविधियों का आयोजन

मंदसौर। साबाखेड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 और 3 में सेवा संकल्प अभियान के तहत अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच परमानंद धनगर उपस्थित रहे।
आयोजन के दौरान स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी जानकारी देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच परमानंद धनगर द्वारा क्षेत्र की तीनों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं कल्पना चावड़ा, भावना सुनार्थी, ललिता ननामा और सहायिकाओं के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एएनएम शैलू चौहान, आशा कार्यकर्ताओं, मातृ सहयोगिनी समिति की सम्मानित सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और प्यारे बच्चे मौजूद रहे।

अनंत चतुर्दशी पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे

मंदसौर। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में गणपति बप्पा की भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षणार्थियों ने सामूहिक रूप से महाआरती में सहभागिता की। महाआरती के दौरान संपूर्ण महाविद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। महाविद्यालय परिसर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज उठे। आयोजन ने सभी के मन में श्रद्धा, एकता, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रशिक्षणार्थियों एवं सभी शिक्षकों ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की आरती कर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार के प्रबंधक सुनील शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को गणपति उत्सव की बधाई दी।

पीस पोस्टर प्रतियोगिता में आज 200 बच्चे देंगे मानवता में सद्भाव का संदेश

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर, लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड एवं लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय लायंस पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन आज 27 सितम्बर, रविवार को नूतन हाई स्कूल, मंदसौर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मंदसौर शहर के साथ-साथ पिपलियामंडी, बही, दलौदा एवं सीतामऊ क्षेत्र के चयनित विद्यार्थी भी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थी भाग लेकर प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ समाज में सद्भाव, शांति और आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्षगण लायन डॉ. के.सी. श्रीमाल, लायन मनोज मित्तल एवं लायन सुमित्रा चौधरी ने बताया कि पीस पोस्टर प्रतियोगिता लायंस इंटरनेशनल का महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से बच्चों को अपनी कल्पना और कला के जरिए विश्व शांति एवं मानवता का संदेश देने का अवसर मिलता है।

सुवासरा पोरवाल समाज के निर्वाचन आज

सुवासरा/मंदसौर । स्थानीय पोरवाल समाज की इकाई के तीन वर्ष के अंतराल के बाद आज 27 सितंबर को स्थानीय पोरवाल परिणय रिसोर्ट में चुनाव संपन्न होंगे । चुनाव से पूर्व सर्वानुपति का प्रयास किया किंतु बात नहीं होते हुए समाज में चुनाव की प्रक्रिया की गई है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए , रामगोपाल काला , दिनेश कुमार फरक्या संदेश गुप्ता, गिरजा शंकर दानगढ़ मैदान में हैं। सचिव पद पर श्याम सुंदर मुन्या, अशोक मुन्या, राजकुमार मुजावदिया व कोषाध्यक्ष पद हेतु जुगल किशोर वेद, पंकज मुजावदिया , राधेश्याम फरक्या कुल मिला के 10 उम्मीदवारों का फैसला पोरवाल समाज के मतदाता द्वारा किया जाएगा । पोरवाल समाज के मतदाता को उम्मीदवारों ने अपने-अपने घोषणा पत्र समाज के ग्रुप में डाले हैं। समाज को एकजुट , शिक्षित, और आर्थिक विकास , संस्कार, जैसे कहीं वादे किए गए हैं। अब देखना है कि पोरवाल समाज इनमें से किन पर भरोसा करता है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव प्रातः 11:00 से मतदान शुरू होगा जो 3:00 बजे तक चलेगा 3:00 बजे के बाद 4:00 बजे से मतगणना होगी और मतगणना के पश्चात परिणाम उसी समय घोषित कर दिया जाएगा।

केशव सत्संग में स्वामी सनिष्ठानंद महाराज के चार्तुमास का समापन

सत्संग को अपने जीवन में उतारें, सनातनी परंपरा को न छोड़ें: स्वामी सनिष्ठानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

केशव सत्संग भवन खानपुरा में स्वामी सनिष्ठानंद महाराज का दिव्य चातुर्मास अध्यात्म सत्संग का भव्य आयोजन 29 जुलाई से प्रारंभ हुआ था जिसका समापना 26 सितंबर शनिवार को हुआ।

समापन अवसर पर धर्मसभा में सनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि जो सत्संग आप सभी ने दो माह से सुना उसे अपने जीवन में उतारें और सदैव दुष्विचारों से दूर रहे और सकारात्मक विचारों को अपने जीवन में लायें ताकि सकारात्मकता से जीवन खुशहाली से चल सके। आपने कहा कि विपरित विचारों को त्यागे तभी जीवन में आगे बढ पायेंगे। सनातनी परंपरा को नहीं छोड़े आज हमारी युवा पीढी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित हो रही है जो कि गलत है हमें हमारी युवा पीढी



को सनातनी परंपरा से अवगत कराना होगा क्योंकि हमारी सनातनी परंपरा और संस्कृति बहुत प्रभावशाली और महान है। आपने कहा कि हमें धन, ज्ञान किसी का भी अभिमान नही करना चाहिए यदि सत्संग सुनकर भी हम अभिमान करते है तो हमारा सत्संग सुनने का कोई अर्थ नहीं है। हमें अपने धर्म और कर्म के प्रति सजग रहना चाहिए।

समापन अवसर पर धर्मसभा में केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया ने कहा कि शास्त्र बहुत विशाल होते है उन्हें पढना और समझना हर किसी के बस में नहीं होता है इसलिए महापुरूष आते है और हमें शास्त्रों का सार सरल भाषा में समझाते है इसी प्रकार स्वामी जी ने हमें दो माह तक शिवमहापुराण के गौड़ रहस्यों से अवगत कराया इसके लिए स्वामी जी का बहुत - बहुत धन्यवाद केशव सत्संग भवन हमारे पुर्वजों का लगाया हुआ एक बगीचा है जो संतों के आने से फलता फुलता रहता है। इस अवसर पर केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी एवं अन्य ट्रस्टीयों और उपस्थित भक्तों ने स्वामी जी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। अंत में आभार कारूलाल सोनी ने माना।

गुणी व्यक्तियों के गुणों को देखो, दोषों को नहीं: मुनिश्री प्रत्यक्षरत्नविजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



धर्मबिन्दु ग्रंथ में भी हरिभद्रसूरी म.सा. ने सामान्य धर्म व विशिष्ट धर्म होने की महत्ता बताते हुए श्रावक-श्राविकाओं को निंदा से बचने तथा गुणीजनों के गुणों से प्रेरणा लेने की बात कही है। मानव का जीवन कैसा हो इस पर चर्चा करते हुए शास्तकार जी ने शिष्ठ चरित्र वाले व्यक्तियों के गुणों से सीखने व उनकी प्रशंसा करने को कहा है। साथ ही उन्होंने दूसरों की निंदा नहीं करने की भी बात कही है। निंदा करने से जीवन में व्यर्थ समय बर्बाद होता है तथा अनावश्यक पाप कर्म का बंध होता है। हमें निंदा करने से सदैव बचना चाहिए।

उक्त उद्गार मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. ने राजेन्द्र विलास जीवागंज में आयोजित व्याख्यान (धर्मसभा) में कहे। आपने शनिवार को यहां धर्मसभा में कहा कि जो श्रेष्ठ पुरुष हैं अर्थात उत्तम गुण वाले हैं हमें उनकी प्रशंसा करनी चाहिए तथा उनके गुणों से सीखना चाहिए। आपने कहा कि कई बार हम अनावश्यक रूप से किसी की भी निंदा करने लगते हैं जो कि उचित नहीं है। निंदा करते समय तो आनंद देता है लेकिन उस निंदा रूपी कर्म का पाप कर्म हमें दुख ही देगा। जीवन में हमें निंदा करने से सदैव बचना चाहिए। धर्मसभा में प.पू. श्री पवित्ररत्नविजय जी म.सा. ने भी अपने विचार रखे।

खाचरोद श्रीसंघ आया, दर्शन वंदन का लिया धर्मलाभ, बहुमान किया गया-खाचरोद श्रीसंघ से 22 सदस्यीय दल कल संतों के दर्शन वंदन व प्रवचन श्रवण करने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास पहुंचा।

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निकली शोभायात्राएं, श्रद्धालुओं ने किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर

नगर सहित तहसील क्षेत्र में दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का समापन अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ हुआ। नगर के विभिन्न गणेश पंडालों एवं घरों में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कर भव्य शोभायात्राओं के साथ विसर्जन किया गया। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होकर अनंत चतुर्दशी तक चले इस दस दिवसीय उत्सव के दौरान नगर के विभिन्न गणेश पंडालों में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, महाआरती एवं धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से भगवान गणपति की आराधना की। अनंत चतुर्दशी पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गणेश



प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं बैंड-बाजों, ढोल, डीजे एवं आतिशबाजी के साथ निकाली गईं। शोभायात्राओं में युवक-युवतियों, महिलाओं एवं बच्चों ने भजनों की धुन पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जमकर नृत्य किया। नगर के प्रमुख मार्ग गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठे।

नगर क्षेत्र की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन रेवा नदी एवं इंदरगढ़ जलाशय में किया गया। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर परिषद एवं प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए। इंदरगढ़ जलाशय क्षेत्र में पुलिस बल, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती रही।

प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद शर्मा, तहसीलदार मुकेश निगम, नायब तहसीलदार सुनील अग्रवाल तथा थाना प्रभारी विनय बुंदेला ने विसर्जन स्थल का लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह से देर शाम तक प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। गणेशोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना करते हुए भगवान गणपति को भावभीनी विदाई दी।

भक्ति और उल्लास के साथ गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन

भैंसोदा/मंदसौर। दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान नगर भैसोदा में घर-घर एवं विभिन्न गणेश पंडालों में विराजित प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के समक्ष प्रतिदिन महाआरती, प्रसाद वितरण एवं आकर्षक साज-सज्जा का दौर जारी रहा। पूरे उत्सव के दौरान नगर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। गणेश उत्सव के अंतिम दिवस 25 एवं 26 सितंबर को भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर शहर के प्रमुख घाटों पर भव्य एवं गरिमामई वातावरण देखने को मिला। विभिन्न स्थानों से सुसज्जित एवं आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गणपति बप्पा के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा।



विसर्जन कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री अजय पौराणिक उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी चुन्नीलाल जूनवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही।

गणेश प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। प्रमुख घाटों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस प्रशासन एवं होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई। विसर्जन स्थलों पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। गहरे पानी वाले क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए कुशल गोताखोरों की तैनाती की गई तथाआवश्यकतानुसार लाइफ जैकेट की व्यवस्था भी रखी गई।

खबर संक्षेप

जावर में गूंजा सामूहिक वंदेमातरम गायन



जावर। नमामि भारत वन्देमातरम के 150 वें वर्ष के वन्देमातरम गान कार्यक्रम नगर में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान किया इसके बाद सामूहिक गान सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्त सतीष मोढ़ वीआईटी कॉलेज के कुलपति, अध्यक्षता बाबुसिह ठाकुर सह विभाग संघचालक, अतिथि कमल सिंह मंडोलिया तहसीलदार अन्य अतिथि बाबूलाल पटेल स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष, आशीष भावसार पूर्व सैनिक, कार्यक्रम के संयोजक सुदीप सिंह ठाकुर भूमिका विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह ने रखी।

अभिषेक का हुआ चयन



खाचरोद। ग्राम झिकडी मेवाती के किशोर सिंह मालवी शिक्षक के सुपुत्र डॉ अभिषेक मालवीय ने नीट पीजी तथा यूपीएससी सीएमएस कंमबीनेड मेडिकल में चयन होने पर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर अमर सिंह परमार पूर्व प्राचार्य, मांगीलाल सोलंकी प्रधान अध्यापक, अशोक कुमार एल आई सी, अर्जुन सिंह सितोलिया प्रधानाध्यापक, प्रकाश राया, ओमप्रकाश सारोठिया, छोटे खा अकरम खा, नीतू सिंह, शाकीर बैग, सतीश कुमार वर्मा, भारत महेश्वरी, दिलीप सिंह पूर्व सरपंच, बंटी, सोहनलाल सोनी व समस्त ग्रामवासीयो ने बधाई दी।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताई समस्याएं हल करने अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला कलेक्टर ने कहा जिसे भी समस्या हो, वह आवेदन देकर बताएं, समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



ग्राम सिद्धि गंज में मुख्यमंत्री जान विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर बाला गुरु द्वारा विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर क्षेत्र के ग्रामीणों की विभिन्न प्रकार की समस्या सुनी गई जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी-अपनी समस्या स्टॉल पर आवेदन देकर समस्याएं बताई। ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को आवेदन देकर अपनी समस्याएं बताई। इस दौरान क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम सिद्धिगंज के मंडी परिसर में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाए गए। जिसमें वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, जनपद पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन दिए और अपने क्षेत्र की समस्याएं बताई गई वहीं जिला कलेक्टर द्वारा स्वसहायता समूह दीदी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। बताया कि जिसे भी अपनी कोई समस्या हो वहां आवेदन देकर समस्या बता सकता है। उनकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। वहीं क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत नर्मदा पाइपलाइन से घर-घर तक पानी पहुंचाया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़े।

ग्रामीण लें योजनाओं का लाभ : सीइओ

जिला पंचायत सीईओ संजना यादव द्वारा अभियान में ग्रामीण को बताया गया कि पंचायत संबंधित किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो वह आवेदन दे, ताकि ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया जा सके। ग्रामीणों को शासन की पूरी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जो भी हितग्राही किसी भी योजना से वंचित है वहां आवेदन दे व अपनी समस्या बताएं हमारे संबंधित अधिकारी उनकी समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करेंगे। ताकि हितग्राही को इसका लाभ मिल सके।

एसपी ने दिया संदेश

एसपी सोनाक्षी सिना द्वारा संबोधित करते हुए बताया कि सभी को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए, ताकि अपने को अपनी सुरक्षा एवं अपने परिवार की सुरक्षा करनी चाहिए।

सड़क की बताई समस्या

ग्राम ने सिद्दीकगंज से नीलबड़ आष्टा रोड में पार्वती नदी पुल से लेकर गैस गोडाउन तक का एक से डेढ़ किलो मीटर का रोड बहुत खराब स्थिति में होने से ग्रामीण परेशान है, जिस को लेकर ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया और बताया गया कि यहां रोड बहुत ही खराब स्थिति में है प्रतिदिन सैकड़ो वाहन इस रोड पर आवागमन करते हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कृषि मंडी चालू करने के लिए आवेदन दिए। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा खुलने के लिए भी जिला कलेक्टर को आवेदन दिया। बताया कि ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

यह रहे उपस्थित

मुख्यमंत्री जन्म विश्वास अभियान में जिला कलेक्टर बाला गुरु के, जिला पंचायत सीईओ सरजना यादव, एसपी सोनाक्षी सिंह, डीएफओ अर्चना पटेल, एसडीओ कृतिका जायसवाल, महेंद्र प्रताप सिंह किरार एसडीएम, अमित व्यास जिला पंचायत सीईओ, गौरव राठौड़, तहसीलदार जावर, एसडीओपी, अमित माथुर बीएमओ, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धिगंज, महेंद्र ठाकुर जनपद सदस्य, मानसिंह ठाकुर इलाही, वन विभाग अधिकारी, राजस्व विभाग अधिकारी, शिक्षा विभाग अधिकारी, बिजली विभाग अधिकारी, कृषि विभाग अधिकारी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

राम मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

विधायक, महामंडलेश्वर ने की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के बुधवारा क्षेत्र में स्थित रामभक्तों की आस्था, श्रध्दा, भक्ति के केन्द्र अति प्राचीन भगवान श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ अंनत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर पूरे धार्मिक वातावरण में विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, महामंडलेश्वर दीपकदास महाराज के कर कमलों से किया गया। मंदिर के पुनर्निर्माण की शुरुआत को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं नागरिकों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। पूजन के दौरान भगवान श्रीराम, हनुमान सहित सभी देवी देवताओं से मंदिर निर्माण कार्य के निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की गई।इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर दीपकदास महाराज ने कहा कि अयोध्या में सदियों की प्रतीक्षा के बाद भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का हम सब का सपना साकार हुआ है, जिसने देशभर में धार्मिक व सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा दी है। उसी भाव के साथ छोटे-बड़े नगरों और गांवों में भी प्राचीन मंदिरों के संरक्षण,जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण के कार्य हो रहे हैं। महामंडलेश्वर दीपकदास महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए कहा कि मंदिर केवल पूजा के स्थान नहीं होते, बल्कि वे समाज को संस्कार, सेवा, सद्भाव और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भुरू मुकाती एवं श्रीराम मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद सोनी बहुरानी ने भी संबोधित कर सभी का स्वागत सम्मान कर अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन विशाल चौरसिया ने एवं आभार प्रेमनारायण शर्मा ने व्यक्त किया । मंदिर निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर सभी हिन्दू संगठनों,संस्थाओं के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु, क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मंदिर के शीघ्र एवं भव्य निर्माण की कामना करते हुए भगवान श्रीराम के जयघोष लगाए।

अनंत चतुर्दशी महोत्सवः चलित झांकियां, डीजे पर थिरके भक्त, अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर परिषद कोठरी में हर पर्व बड़े ही धूमधाम और सौहार्द के साथ मनाया जाता है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी कोठरी तथा आसपास के कई गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और प्रसिद्ध अनंत चतुर्दशी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश पंडालों में सुबह से ही यज्ञ और पूजा-पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर से भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ। माता मंदिर पठार कोठरी एवं संस्कृत हिंदू उत्सव समिति पठार द्वारा अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। चल समारोह में विभिन्न मंडलों की चलित ट्रैक्टर-ट्रॉली झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ढोल की थाप पर श्रद्धालु जमकर थिरके। युवाओं ने डीजे की धुन पर उत्साह के साथ नृत्य किया।

धार्मिक झांकियों के साथ राष्ट्रभक्ति से जुड़ी झांकियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह झांकियों और अखाड़ों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। कोठरी की स्थापना के समय से ही यहां अनंत चतुर्दशी का पर्व परंपरागत रूप से मनाया जाता रहा है। अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में नगर के प्रसिद्ध अखाड़ों ने पूरे जोश और दमखम के साथ विभिन्न प्रकार के हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए। उस्तादों और खिलाड़ियों के करतब देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। बड़ी संख्या में लोगों ने अखाड़ों के प्रदर्शन का आनंद लिया।



श्री गणेश उत्सव सांस्कृतिक समिति बस स्टैंड कोठरी द्वारा इस आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले झांकी, मंच, अखाड़े और ढोल समितियों के अध्यक्षों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। चल समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष के साथ भगवान श्री गणेश को भावपूर्ण विदाई दी।

अनंत चतुर्दशी महोत्सव में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, पूर्व इछावर विधायक शैलेंद्र पटेल, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, नगर अध्यक्ष रूपेश पटेल, अर्जुन पटेल, पूर्व पार्षद लखन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र आजाद, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश भिंडी, अरविंद वर्मा, जयराम वर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं आसपास के ग्रामों और नगर के नागरिक उपस्थित रहे।

पर्यूषण जुलूस के दौरान हुआ हंगामा, लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान अव्यवस्था को लेकर जैन समाज में नाराजगी देखने को मिली। निकाले गए जुलूस के दौरान व्यवस्था संभालने के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अमले की पर्याप्त मौजूदगी नहीं होने और मोटरसाइकिल सवारों द्वारा जुलूस में अव्यवस्था किए जाने से समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया।

नाराज जैन समाज के लोगों ने जुलूस को बीच में रोक दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने जैन समाज के साथ खड़े होकर उनकी मांगों और नाराजगी का समर्थन किया। जुलूस रुकने के बाद प्रशासनिक स्तर पर स्थिति को संभालने के प्रयास किए गए। घटना के बाद शहर में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

शिशु मंदिर में नमामि भारतम कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नमामि भारतम कार्यक्रम में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत जिला सीहोर द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टिगरिया में वंदे मातरम गीत गायन का सामूहिक आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि मुख्य वक्ता अनार सिंह राठौड़ ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला अध्यक्ष जिला सीहोर एवं अतिथि के रूप में विजेंद्र सिंह ठाकुर प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर टिगरिया संयोजक के रूप में दशरथ सिंह ठाकुर उपस्थित रहे कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं भूमिका रखी गई।

वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक गौरव गाथा पर अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के द्वारा भारत की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक वंदे मातरम गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत आनंदमठ से कैसे धीरे-धीरे समूचे भारत का मान बिंदु बन गया इस गीत ने 150 वर्ष का सफर पूरा करके भारत की एकता अखंडता को आज भी बनाए रखा है यह गीत मात्र एक गीत नहीं बल्कि भारत के बच्चे बच्चे की आत्मा में बसा हुआ राग है भारत की सांस्कृतिक धरोहर को एक सूत्र में बांधकर समूचे भारत का गौरव विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रतीक बना आज इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में एक साथ एक स्वर में सामूहिक गान का आयोजन पूरे देश में रखा गया है जो इतिहास के पन्नों पर अपनी अमित छाप छोड़ेगा देश की एकता अखंडता को बनाए रखेगा इस गीत को संविधान के द्वारा राष्ट्रीय सम्मान राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक माना गया है समस्त देशवासियों की राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है कार्यक्रम का संचालन आचार्य लोकेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट गुलाब सिंह वर्मा आचार्य द्वारा किया गया शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।

अनंत चतुर्दशी पर रात भर चलता रहा नयनाभिराम झांकियों का सिलसिला

गणेश मंडलों, झांकियों को पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गणेश विसर्जन पर परंपरागत झांकियों की एक झलक पाने के लिए शुक्रवार की रात हजारों लोगों ने रतजगा कर झांकियों की प्रस्तुति को निहारा। झांकियों को लेकर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके आष्टा नगर में परंपरानुसार करीब एक दर्जन समितियों ने झांकियों का निर्माण कर सुसज्जित झांकियों का प्रदर्शन चल समारोह के दौरान किया। शहर के प्रमुख गणेश समितियों द्वारा सालों से भव्य झांकियां निकाली जाती है। इस साल भी पौराणिक गाथाओं, गौमाताओं के संरक्षण पर नगर में नयनाभिराम झांकियां निकाली गई।

इसी प्रकार पार्वती नगर में भी गणेश प्रतिमाओं का भव्य चल समारोह निकाला। नयनाभिराम चलित झांकियों का कारवां सिविल अस्पताल चौराहा से प्रारंभ हुआ जो प्रदर्शन करते हुए परदेशीपुरा चौराहा पहुंचा, जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में श्री गणेशोत्सव मंडलों के पदाधिकारियों व चलित झांकियों के प्रदर्शनकारियों को साफा बांधकर व पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रतिक चिन्ह व नगद पुरूस्कार भेंटकर स्वागत सम्मान किया। वहीं वरिष्ठ समाजसेवियों का भी साफा बांधकर सम्मान किया। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक झांकियों को नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा द्वारा नगद राशि भेंटकर पुरूस्कृत किया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थितजनों को अनंत चतुर्दशी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा नगर सर्वधर्म सम्भाव का आस्थावान नगर है, यहां के नागरिकगण प्रत्येक तीज-त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाते है जो हमारे नगर की गंगा-जमुना तहजीब को प्रदर्शित करते है। मेवाड़ा ने कहा कि गणेशोत्सव के युवा पदाधिकारीगण बधाई के पात्र है, जिन्होंने वर्षो पुरानी परंपरा को संजोये रखा और रात-दिन मेहनत कर हजारों नागरिकों के मनोरंजन के लिए झांकियों को तैयार करते है, आशा है इसी प्रकार परंपरा को आप हमेशा अक्षुण बनाए रखेंगे। नपा द्वारा की गई व्यवस्था की हुई सराहना - समूचे 10 दिवस में नगरपालिका द्वारा श्रीगणेश पांडालों के आसपास सहित विसर्जन कुंड एवं अनंत चतुर्दशी चल समारोह मार्ग पर की गई व्यवस्थाओं से हर कोई प्रसन्न नजर आया।

नपा द्वारा किए गए स्वागत के प्रतिउत्तर में प्रत्येक श्रीगणेश मंडल के पदाधिकारीगण एवं चलित झांकियों के कलाकारों ने नगरपालिका द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की। नगरपालिका द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह मंच पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, भाजपा नेता उमेश शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, अरशद अली, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, एल्डरमेन शिवलाल प्रजापति, तोषनारायण भूतिया, नगर महामंत्री मोहित सोनी, आशु शर्मा, सौरभ रूणवाल, जुगलकिशोर मालवीय, पवन वर्मा, लोकेन्द्र धारवां, रतनसिंह मेवाड़ा, अनिमेष सोनी, निक्की जैन, रोहित सेन, वैभव मेवाड़ा सहित नपा के कर्मचारीगण मौजूद थे। आभार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किया तथा संचालन पवन वर्मा बुल्लू ने किया।

अरिहंत पुरम से निकली जल यात्रा अलीपुर चौराहे पर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर शनिवार को स्थानीय अरिहंत पुरम अलीपुर में धर्म और श्रद्धा का एक अनूठा संगम देखने को मिला। यहा स्थित श्री चंद्रप्रभु जिन मंदिर से श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा जलयात्रा निकाली गई। भगवान चंद्रप्रभु की भक्ति में लीन श्रद्धालु भजनों पर झूमते और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा माहौल धर्ममय हो गया।

अलीपुर चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल के नेतृत्व में जलयात्रा में शामिल समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल, महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक, मुनि सेवा संघ अध्यक्ष संदीप जैन, धीरज जैन, चातुर्मास धर्मप्रभावना समिति संयोजक मनोज सेठी गोपी, अमन जैन, पार्षद कमलेश जैन, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, कोमल जैन, पवन जैन सहित समाज के वरिष्ठजनों का साफा बांधकर स्वागत किया। वहीं जलयात्रा में शामिल मुनिश्री के चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, रवि शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, चंदरसिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।